फैक्स

संख्याः– 258 /अनुभाग–7– /जायद पड़ताल/2015–16

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
(भूलेख अनुभाग)
हरिद्वार/ऊधमसिंहनगर/देहरादून (मै0)/नैनीताल (मै0)/पौड़ी (मै0)/चम्पावत (मै0)।

राजस्व परिषदः (कृ0सां0) देहरादून, दिनांकः 23 ~~मार्च~~ मार्च, 2016

विषयः– <u>जायद पड़ताल 2015–16 के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आगामी जायद 1423 फसली (2015–16) में पूर्व की भांति समस्त ग्रामों में पड़ताल एवं टी0 आर0 एस0 योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में निम्न समय सारिणी एवं निर्देशों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर पड़ताल की जायेगी। क्षेत्रफल के परिणाम सम्बन्धी सूचनायें टी0 आर0 एस0 तालिका में भर कर संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय कृषि निदेशालय नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून को 21–05–2016 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

<u>जायद पड़ताल 2015–16 (टी0 आर0 एस0) का कार्यक्रम एवं निर्देशः–</u>

1– लेखपाल द्वारा चयनित गांवो में प्राथमिकता के आधार पर 1 मई से 10 मई तक पड़ताल की जायेगी व शेष गांवों में 31 मई तक पड़ताल का कार्य किया जायेगा।
2– लेखपाल द्वारा राजस्व निरीक्षक को तालिका प्रस्तुत करने की तिथि 11 मई 2016।
3– राजस्व निरीक्षक द्वारा जांच करने के पश्चात तहसीलदार को प्रस्तुत करने की तिथि 14 मई, 2016।
4– तहसीलदार द्वारा भूलेख अधिकारी को प्रस्तुत करने की तिथि 16 मई, 2016।
5– भूलेख अधिकारी द्वारा संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय कृषि निदेशालय नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून को प्रेषित करने की तिथि 21 मई, 2016।
6– चकबन्दी क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले गांवों में पड़ताल के निर्देश चकबन्दी आयुक्त, उ0प्र0, के पत्रांक–50/सी–519 /79 दिनांकः 27–07–1981 द्वारा पारित आदेश पूर्ववत लागू रहेंगे।
7– प्रत्येक राजस्व निरीक्षक 5–5 गांवों में पड़ताल एवं खसरा रजिस्टरों के पृष्ठवार योगों की जांच कर सम्बन्धी रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में भरकर उचित माध्यम द्वारा संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय कृषि निदेषालय नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून को 30 जून, 2016 तक भेजेंगे।
8– जायद में बोये जाने वाली तिलहन (सूरजमुखी) व दलहनी (मूंग, उर्द) फसलें जो कि विशेष अभियान के रूप में बोई जा रही हैं, की पड़ताल लेखपालों द्वारा सावधानी पूर्वक की जानी चाहिए।

भवदीय,

(विजय कुमार ढौंडियाल)
आयुक्त एवं सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उक्त।</u>
<u>प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. आयुक्त कुमांऊ/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
2. निदेशक, कृषि, उत्तराखण्ड, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून।
3. सहायक निदेशक (सांख्यिकी) कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि, कुमांऊ मण्डल, हल्द्वानी/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4. उप महानिदेशक, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (क्षेत्रीय संकाय प्रभाग),सी0–15, सैक्टर–1, डिफेन्स कलौनी, देहरादून।

आयुक्त एवं सचिव।